दिन– शनिवार दिनांक– 18 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन। प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता प्रचार अभियान में जुटे।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग को राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के स्वीकृत बजट का पैसा दस दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने आज बांका, नवादा, पूर्णियां, भागलपुर और गोपालगंज समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर लू की चेतावनी जारी की।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन है। प्रचार आज शाम समाप्त हो जायेगा। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय क्षेत्रों में बीस मई को मतदान होना है। पांचवें चरण में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता छह महिला प्रत्याशियों समेत अस्सी उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों में नौ हजार चार सौ छत्तीस बूथों की स्थापना की है। औसतन एक हजार आठ मतदाता प्रत्येक बूथ पर मतदान करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में प्रचार अभियान अपने चरम पर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा आज सीवान संसदीय क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी विजयालक्ष्मी देवी के समर्थन में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री सरमा कल महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पक्ष में चुनावी रैली करेंगे। इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज महाराजगंज और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी सभाओं में एनडीए

प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी संयुक्त रूप से सीतामढ़ी, मधुबनी, वैशाली और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली करेंगे। श्री मोदी सीवान के गोरियाकोठी और बेतिया के बड़ा रमना मैदान में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कल बेतिया में पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर संजय जायसवाल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों से बारह महिला समेत एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल नामांकन वापसी के अंतिम दिन चार उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया। जहानाबाद लोकसभा सीट से दो और बक्सर तथा काराकाट संसदीय क्षेत्रों से एक–एक उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया है। नालंदा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार जबकि सासाराम में सबसे कम दस उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, पाटलिपुत्र से बाईस, पटना साहिब से सत्रह, जहानाबाद से पन्द्रह, आरा और बक्सर से चौदह–चौदह तथा काराकाट संसदीय क्षेत्र से तेरह उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

---

अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं किया। आज उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा। मतदान एक जून को होगा।

---

भाजपा ने सारण लोकसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य पर अपने हलफनामे में कई तथ्य छिपाने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एस डी संजय ने कहा कि राजद उम्मीदवार ने हलफनामे में अपनी नागरिकता, पासपोर्ट और आवासीय स्थिति से संबंधित तथ्यों को छुपाया है, लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने इन मामलों को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप

रूडी ने यह मुद्दा उठाया था लेकिन अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। श्री संजय ने कहा कि रोहिणी आचार्य पिछले सात वर्षों से दूसरे देश में रह रही हैं, इसलिए उनकी नागरिकता पर स्पष्टता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजद प्रत्याशी के नामांकन को चुनौती देते हुए पटना उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गयी है। भाजपा नेता ने कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालय से शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया गया है।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात बक्सर लोकसभा सीट की। बक्सर बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बक्सर———

बिहार के पश्चिमी भाग में गंगा नदी के किनारे स्थित बक्सर का इतिहास युद्ध और धार्मिक महत्व का रहा है। सियासी रूप से भी बक्सर अपनी अलग पहचान रखता है। उन्नीस सौ बावन में अस्तित्व में आया बक्सर लोकसभा क्षेत्र कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था। समय के साथ यहां वामपंथी दलों ने भी अपनी पकड़ बनाई। कालांतर में यह सीट भाजपा का गढ़ बन गया। पार्टी के लालमुनि चौबे ने वर्ष उन्नीस छियानवे से दो हजार चार तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष दो हजार नौ में राजद के जगदानंद सिंह इस सीट से निर्वाचित हुए। वहीं, वर्ष दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में बक्सर से भाजपा के कद्दावर नेता अश्विनी कुमार चौबे को जीत मिलती रही। हालांकि इस बार पार्टी ने उनकी जगह मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। श्री तिवारी बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र का वर्ष दो हजार पंद्रह में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं, राजद ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। श्री सिंह वर्तमान में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र से पूर्व मंत्री ददन पहलवान और भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्र भी चुनाव मैदान में हैं। आनंद मिश्र की छवी एक कड़क पुलिस अधिकारी की रही है और उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट भी माना जाता है। वे मूलरूप से भोजपुर जिले के पड़सौरा गांव के रहने वाले हैं। इस बार बक्सर सीट पर दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा दो प्रमुख निर्दलीय प्रत्याशियों के उतरने से मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है। विधानसभावार स्थिति देखें तो बक्सर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों पर विपक्षी गठबंधन का कब्जा है। ब्रहमपुर, रामगढ़ और दिनारा से राजद के विधायक हैं, जबकि बक्सर और राजपुर पर कांग्रेस तथा डुमरांव विधानसभा क्षेत्र पर भाकपा माले का कब्जा है। कभी धान के कटोरा के रूप में विख्यात रहे बक्सर लोकसभा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था आज भी कृषि आधारित है। क्षेत्र में उद्योग धंधे मृतप्राय हैं। भाजपा उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे हैं। वहीं, राजद उम्मीदवार सुधाकर सिंह समेत निर्दलीय ददन पहलवान और आनंद मिश्र स्थानीय समस्याओं को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र की जनता किस प्रत्याशी पर अपना विश्वास जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

---

पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग को राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के स्वीकृत बजट का पैसा दस दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अंजनी कुमार शरण की एकल पीठ ने विश्वविद्यालयों की ओर से दायर ग्यारह मामलों की एक साथ सुनवाई करते हुये कहा कि बजट जारी नहीं किये जाने की स्थिति में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी जायेगी। साथ ही न्यायालय ने तीन विश्वविद्यालयों के खाता संचालन पर शिक्षा विभाग की पाबंदी के आदेश पर भी रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई पच्चीस जून को होगी।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। तैंतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ अरवल राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि आज बांका, नवादा, पूर्णियां, भागलपुर और गोपालगंज समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर लू चलने की आशंका है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि हो सकती है।

---

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में बेंच–डेस्क की आपूर्ति कर रही एजेंसियों पर सत्ताईस लाख उनतीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। आपूर्ति की गयी बेंच–डेस्क की जांच में गड़बड़ी पाये जाने पर यह कार्रवाई की गयी है। साथ ही विभाग ने दो कम्पनियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुये उन्हें काली सूची में डाल दिया है। जांच के बाद चौदह हजार दो सौ संतानवे बेंच–डेस्क बदले भी गये हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा आज से शुरू हो रही है। ऑनलाईन होने वाली परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पेपर–वन की परीक्षा उनतीस मई तक जबकि पेपर–टू की परीक्षा बीस जून तक चलेगी।

---

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएससी ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के अंकों के सत्यापन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर इक्कीस मई तक आवेदन कर सकते हैं।

---

पटना उच्च न्यायालय में बीस मई से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जायेगी। हाई कोर्ट प्रशासन के अनुसार अठारह जून तक अवकाश रहेगा। गर्मी की छुट्टियों के दौरान ग्रीष्मकालीन बेंच सोमवार से गुरूवार तक काम करेगा।

---

आज अन्तरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। संग्रहालयों के प्रति लोगों को जागरूक करने और इनकी अहमियत बताने के मकसद से प्रतिवर्ष अठारह मई को यह दिवस

मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है– शिक्षा और शोध के लिए संग्रहालय। इस अवसर पर राज्य के प्रमुख संग्रहालयों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र में आज दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

---

जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के चकाई–देवघर मुख्य मार्ग पर कल हुये सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। सभी मृतक एक ही परिवार के बताये जाते हैं।

---

पटना के कच्ची दरगाह गंगा घाट पर नहाने के दौरान डूबने से दो चचेरी बहनों की मौत हो गयी। वहीं, मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के उमगांव में तालाब में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पटना उच्च न्यायालय के फैसले प्रमुखता देते हुये लिखा है– शिक्षा विभाग राशि दे, वरना अफसरों का वेतन बंद होगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– आधी नींद और खाली पेट स्कूल जा रहे मासूम झुलसा रही गर्मी।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– बिहार और गुजरात के माफियाओं ने मिलकर नीट का पेपर लीक किया।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पटना के एक स्कूल में स्लाईडर से गिरे छात्र को मरा समझ क्लास के गटर में फेंका, सुबह मिली लाश। प्रिंसपल और बेटा गिरफ्तार।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– लोकसभा चुनाव को देखते हुये बीस मई को संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार पर हमला। युवक ने मारा थप्पड़।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन। प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता प्रचार अभियान में जुटे।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग को राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के स्वीकृत बजट का पैसा दस दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने आज बांका, नवादा, पूर्णियां, भागलपुर और गोपालगंज समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर लू की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।